दिन—सोमवार दिनांक— 19 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. कोलकाता मे ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में बिहार सहित देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी। उच्चतम न्यायालय कल करेगा मामले की सुनवाई।

02. भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत खिलाड़ियों के अग्निवीर वायु पदों पर बहाली के लिए जारी की अधिसूचना। कल से शुरू होगा पंजीकरण।

03. सावन की अंतिम सोमवारी पर आज प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

04. और, भाई—बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————

कोलकाता में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल आज भी जारी है। आज भी ओपीडी और ओटी सेवाएं प्रभावित हैं। इमरजेंसी सेवाओं को हड़ताल से बाहर रखा गया है। हालांकि, निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई है। इस बीच, बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ, भासा ने कहा है कि अगर पच्चीस अगस्त तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो राज्यस्तरीय कार्य बहिष्कार का फैसला किया जाएगा। इधर, इस घटना के विरोध में विभिन्न जिलों में डॉक्टरों और अन्य संगठनों की ओर से मार्च निकालकर चिकित्सकों की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले पर कल सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित की है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़, की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। इधर, आज डॉक्टरों की केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ

बातचीत में हड़ताल समाप्त करने पर कोई समझौता नही हो सका। डॉक्टरों के संगठन ने कहा है कि वे उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार करेंगे।

————————————————————————

पदम् पुरस्कारों से सम्मानित सत्तर से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि क्रूरता की ऐसी घटनाएं चिकित्सा क्षेत्र की सेवाओं को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री से इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

————————————————————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि उनका मंत्रालय युवाओं और ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न विशेष योजनाओं से जोड़कर उद्यमिता को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध है । आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विदेशों में राज्य के उत्पादों को विशेष पहचान दिला सकता है ।

———बाईट———

————————————————————————

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अविवाहित खिलाड़ियों की भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए है। इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए वायु सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर कल से उनतीस अगस्त तक पंजीकरण करा सकते है। बहाली की प्रक्रिया अठारह से बीस सितम्बर तक आयोजित की जायेगी।

————————————————————————

प्रदेश के पाँच सौ चौतीस अंचलों के पैंतालीस हजार से अधिक गाँवों में कल से भूमि का विशेष सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो रहा है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। भूमि सर्वे का उद्‌देश्य जमीन के सही मालिक का निर्धारण कर भूमि विवादों को समाप्त करना है। सर्वे के लिए रैयत को जमीन की रसीद, रजिस्ट्री की कॉपी, जमीन का नक्शा और शपथ पत्र देना होगा। भूमि सर्वे के लिए आवेदन ऑनलाइन भी दिया जा सकता है।

————————————————————————

सुपौल के भीमनगर में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों ने प्रशिक्षण के दौरान खराब भोजन दिए जाने के विरोध में आज धरना प्रदर्शन किया। बारहवीं और पंद्रहवीं बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए कई जवानों की कल फूड प्वाइजनिंग से तबीयत खराब होने पर उन्हें वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कलाला गया था। हालाकिं देर रात सभी को ईलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था। डीआईजी शफीउल हक ने धरना स्थल पर पहुँच कर प्रशिक्षु जवानों से बातचीत की और भोजन की बेहतर व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया। श्री हक ने कहा की फूड प्वाइजनिंग के मामले की जाँच के बाद दोषियों पर कार्रवाई भी की जायेगी।

————————————————————————

आज सावन की अंतिम सोमवारी है। आज ही सावन का पवित्र महीना भी समाप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———बाईट———

हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, बक्सर के ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर, जहानाबाद के वाणावर, लखीसलाल के अशोकधाम, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान और सुपौल के तिलहेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रोफेसर पवन कुमार झा को पूर्णिया विश्वविद्यालय का नया कार्यवाहक कुलपति बनाया गया है। श्री झा वर्तमान में पूर्णिया यूनिवर्सिटी में ही प्रो वीसी हैं। निवर्तमान कुलपति राजनाथ यादव का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पवन कुमार झा को अगले आदेश तक कार्यवाहक कुलपति बनाया गया है।

———————————————————————————

भाई–बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक—10 सें——

रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लायेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक—10 सें——

इधर, वन विभाग की ओर से रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। इसके लिये वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के राजधानी वाटिका में पेड़ों को राखी बांधी और पौधारोपन किया। उल्लेखनी है कि तेरह अगस्त दो हजार बारह को रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारम्भ किया था। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधारोपण करना है।

———————————————————————————

राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गाँधीघाट में खतरे के निशान से दस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिरासी सेंटीमीटर ऊपर था। नदी के जलस्तर में कल सुबह आठ बजे तक चौदह सेंटीमीटर की कमी होने की संभावना है। खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिहत्तर सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, खगड़िया के बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ बाईस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इसके जलस्तर में कल सुबह तक बारह सेंटीमीटर की कमी की संभावना है। मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक सौ दो सेंटीमीटर ऊपर था। इधर, कटिहार जिले के कुर्सेला में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से तिरानवें सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

बाढ़ प्रभावित मधेपुरा जिले में कई गांव पानी से घिरे हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रभावित इलाकों में राहत अभियान चलाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

इधर, खगड़िया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था की गई है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहारशरीफ में सबसे अधिक एकहत्तर दशमलव छह

मिलीमीटर बर्षा दर्ज की गयी। वहीं, नवादा के वारसलिगंज में अंठावन दशमलव दो, औरंगाबाद के मदनपुर में पचास दशमवल दो और शेखपुरा में पचास दशमलव पांच मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्व और पश्चिमी भाग के कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दो हजार बोतल से अधिक प्रतिबंधित दवा बरामद की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

खगड़िया जिला की मोरकाही थाना पुलिस ने सहुरी दियारा में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री में छापेमारी कर तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

औरंगाबाद पुलिस ने अंतरजिला वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास जिले के चुटिया थाना क्षेत्र के पीपल चौक के पास दो वाहनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पश्चिम चंपारण में वन विभाग की टीम ने धनहा और मैनाटांड़ में छापेमारी कर सात अवैध आरा मशीनों को जब्त किया है।

———————————————————————————

01. कोलकाता मे ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में बिहार सहित देशभर में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी। उच्चतम न्यायालय कल करेगा मामले की सुनवाई।

02. भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत खिलाड़ियों के अग्निवीर वायु पदों पर बहाली के लिए जारी की अधिसूचना। कल से शुरू होगा पंजीकरण।

03. सावन की अंतिम सोमवारी पर आज प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

04. और, भाई–बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————————

समाप्त